Research Unit
Press Information Bureau
Ministry of Information and Broadcasting
Government of India

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को पहले दिन मिला अपार समर्थन

**इसमें 250 से अधिक ग्राम पंचायतों में 100,000 से अधिक लोगों की सहभागिता रही**

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए 21000 लोगों ने पंजीकरण कराया**

17 नवंबर 2023

भव्य शुरुआत के साथ प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा अपने पहले दिन देश भर की 259 ग्राम पंचायतों में एक लाख से अधिक लोगों तक पहुंची। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 नवंबर, 2023 को झारखंड के खूंटी से इस अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके तहत देश भर में महत्वपूर्ण जनजातीय आबादी वाले विभिन्न स्थानों से एक ही समय वैनों को रवाना किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहले दिन राष्ट्रीय विकास के साझा विजन की दिशा में सशक्तिकरण और सामूहिक संबद्धता की कहानियों को एक साथ जोड़ती घटनाओं व पहलों का सक्रिय मिश्रण देखा गया।



इस यात्रा का उद्देश्य केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों के बारे में जागरूकता फैलाना एवं प्रमुख सरकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत परिपूर्णता हासिल करना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यात्रा के पहले ही दिन 21000 से अधिक लोगों ने पीएम उज्ज्वला योजना के लिए पंजीकरण कराया।






इस दौरान 1200 से अधिक माई भारत स्वयंसेवकों के पंजीकरण कराने के साथ-साथ 80,000 से अधिक लोगों ने विकसित भारत की प्रतिज्ञा ली। इस यात्रा में विशिष्ट व्यक्तियों - 3,448 महिलाओं, 1,475 छात्रों, 495 स्थानीय कलाकारों और 298 खेल हस्तियों के प्रयासों को मान्यता देते हुए और उन्हें प्रेरक शख्सियत के रूप में स्वीकार करते हुए उनकी ओर भी ध्यान आकृष्ट किया गया।







लोग वीबीएसवाई आईईसी वैन की ओर उमड़ पड़े और इस दौरान आयोजित गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा साथ ही साथ मौके पर प्रदान की गई सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविरों में 16,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिनमें 6,000 से अधिक लोगों की टीबी के लिए और 4500 से अधिक लोगों की सिकल सेल रोग के लिए जांच की गई।

**ड्रोन प्रदर्शन बेहद सफल साबित हुआ**

वीबीएसवाई ने कृषि क्षेत्र में विकास से जुड़ा एक प्रदर्शन भी प्रस्तुत किया जिसका लाभ किसान अपने उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए उठा सकते हैं। 120 से अधिक ड्रोन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया, इसके साथ ही प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के साथ भी रचनात्मक संवाद हुआ।







विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रमुख सरकारी योजनाओं की शत-प्रतिशत परिपूर्णता के रूप में हासिल की गई उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। 83 ग्राम पंचायतों में आयुष्मान कार्ड की शत-प्रतिशत परिपूर्णता है, 89 ग्राम पंचायतों में जेजेएम की शत-प्रतिशत परिपूर्णता है, 97 ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत जन धन संतृप्ति है और 124 ग्राम पंचायतों ने खुले में शौच मुक्त+ का दर्जा हासिल किया है।

इस यात्रा के दौरान व्यक्तिगत सफलता की गाथाओं को भी शामिल किया गया और इसके अंतर्गत 200 से अधिक लाभार्थियों ने "मेरी कहानी, मेरी ज़ुबानी" की प्रस्तुति की, जो उनके जीवन में सरकार की प्रमुख योजनाओं द्वारा किए गए परिवर्तन का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।

विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत सरकार की अब तक की सबसे व्यापक पहुंच वाली पहल है। समावेशी विकास के दृष्टिकोण पर आधारित इस यात्रा के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का निरंतर प्रयास किया गया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ देश के हर कोने में शत-प्रतिशत परिपूर्णता तक पहुंचे। यह यात्रा व्यापक स्तर पर पहुंच बनाने के साथ-साथ सूचना-प्रसार और देश के विकास में सक्रिय हितधारक बनने के लिए नागरिकों को सशक्त बनाने हेतु इस उद्देश्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

आईईसी वैन द्वारा कार्यान्वित जमीनी स्तर की गतिविधियों और लोगों की भागीदारी के डेटा को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन द्वारा तैयार एक पोर्टल पर वास्तविक समय में दर्ज किया जाता है।

**निमिष रुस्तगी/हिमांशु पाठक/ऋतु कटारिया/मदीहा इक़बाल**